दिनांक—30.03.2024 समय—7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार सभी गांवों तक पहुंचा रही है डिजिटल सुविधाएं ।
- मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रदेश में बनाए गए हैं 356 सहायक मतदान केंद्र। गर्मी को देखते हुए किए जाएंगे व्यापक प्रबंध
- राजधानी समेत कई जिलो में गरज- चमक के साथ हुई बारिश गर्मी से मिली राहत, तापमान में दर्ज हुई गिरावट
- आईपीएल में कोलकाता ने बैंगलुरू को हराया... आज लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा...

प्रधानमंत्री-बिल गेटस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने आप में एक बडी आवश्यकता है और सरकार सभी गांवों तक डिजिटल सुविधाएं पहुंचा रही है। बिल गेटस के साथ बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में अपनी बडी भूमिका निभा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एकाधिकार को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी लोकतंत्रीकरण किया है। यह जनता द्वारा और जनता के लिए है। सरकार विभिन्न- समुदायों के भीतर उभरती प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम लोगों के बीच प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वास को बढावा देने के लिए लगातार योगदान दे रहे हैं और इसके मूल्य् को बढा रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत में महिलाएं नई तकनीक अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना बहुत सफलतापूर्वक चल रही है। इन योजनाओं ने महिलाओं की मानसिकता को बहुत बदल दिया है। एआई के दुरुपयोग पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने कहा कि एआई बिना उचित प्रशिक्षण के किसी को दे दी जाए तो इसके दुरुपयोग होने की संभावना है।

प्रदेश में सहायक मतदान केंद्र

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रदेश के जिन मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, वहां पर सहायक मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रदेश में कुल 356 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

जौरा, भितरवार, चंदेरी, खुरई, सागर, राजनगर, धौहनी, मुडवारा, जबलपुर कैंट, सिहोरा, सिवनी, सौंसर, विदिशा, बासौदा, शमशाबाद, इच्छावर, सीहोर, ब्यावरा, शाजापुर, भगवानपुरा, इंदौर-3, रतलाम सिटी, जावरा और सुवासरा में एक-एक सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। ग्वालियर पूर्व, छतरपुर, सिंगरौली, गाडरवारा, देवास, खरगौन, सेंधवा, झाबुआ और नागदा-खाचरौद में दो-दो सहायक मतदान केंद्र स्थापित हैं। ग्वालियर ग्रामीण, राघौगढ़, भोपाल दक्षिण-पश्चिम, मंदसौर में तीन-तीन और गुना-छिंदवाड़ा, भोपाल मध्य, बड़वाह व इंदौर-4 में चार-चार, ग्वालियर, ग्वालियर दक्षिण, डबरा एवं बैरसिया में पांच-पांच सहायक

मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जबलपुर पूर्व में सात, नरेला व देपालपुर में आठ-आठ, उज्जैन दक्षिण व उज्जैन उत्तर में नौ-नौ, इंदौर-1 में 18, इंदौर-2 में 18, सांवेर में 19, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में 20, हुजूर में 29, इंदौर-5 में 50 और राऊ में 53 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

मतदान केंद्र लू बचाव

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सभी जिला कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी मतदान केंद्रों में तेज गर्मी या लू से बचाव के प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल और बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों और बेंच की व्यवस्था भी की जाए। श्री राजन ने मतदान केंद्रों में मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए शेड लगाने के निर्देश दिए हैं। हर मतदान केंद्र में मेडिकल किट भी अवश्य रखें। इस मेडिकल किट में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर ग्रीष्मकाल में उपयोगी सभी जरूरी दवाइयां उपलब्ध करायें। सभी मतदान दलों के पास ओआरएस पैकेट और तेज गर्मी से बचाव के लिए 'क्या करें, क्या नहीं करें' का पर्चा भी होना चाहिए। साथ ही सेक्टर ऑफिसर की गाड़ी में सभी जरूरी दवाइयों के साथ—साथ समुचित संख्या में पैरा-मेडिकल स्टॉफ भी तैनात रहे।

राष्ट्रपति - भारत रत्न

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में भारत रत्न अलंकरण प्रदान करेंगी। इस वर्ष यह सम्मान पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पी वी नरसिम्हा राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और प्रख्यात वैज्ञानिक डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन को मरणोपरांत दिया जा रहा है। पूर्व उप-प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भी देश का सर्वोच्च नागरिक अलंकरण प्रदान किया जायेगा।

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए ‘जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं सिंगपुर बड़ा जिले नरसिंगपुर से राजेश नेमा का संदेश। -

मौसम

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई स्थानो पर कल रात गरज चमक के साथ बारिश हुई। इससे तापमान मे गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार मुरेना और दतिया मे कहीं-कहीं ओले भी गिरे। इससे पहले कल  रतलाम, सागर टीकमगढ़ दमोह, गुना और शिवपुरी में लू का प्रभाव रहा। सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान दमोह में बयालिस दशमलव

पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। खरगोन में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार आज भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं गरज -चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में, कोलकाता नाइट राइडर्स ने कल रात बैंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सात विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बैंगलोर ने विराट कोहली के 59 गेंदों पर 83 रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में, कोलकाता ने केवल 16 ओवर और 5 गेंदों में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वेंकटेश अय्यर ने 30 गेंदों पर 50 रन बनाए। आईपीएल में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला पंजाब किंगस से होगा। यह मेच लखनऊ में आज शाम साड़े 6 बजे से खेला जाएगा।

बैडमिंटन-मैड्रिड ओपन

बैडमिंटन में एन सिक्की रेड्डी और बी सुमीत रेड्डी की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने लिसा अयु कुसुमावती और रेहान कुशारजंतो की इंडोनेशियाई जोड़ी को हराकर मैड्रिड स्पेन मास्टर्स टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने यह मैच 21-14, 11-21, 17-21 से जीता। अब भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी कल फाइनल में जगह बनाने के लिए इंडोनेशिया के रिनोव रिवाल्डी और पिथा मेंटारी से भिड़ेगी।

रंगपंचमी गेर

रंग पंचमी का पर्व आज पूरे प्रदेशभर में मनाया जा रहा है। इंदौर शहर की ऐतिहासिक गौरव परंपरा के अनुसार टोरी कॉर्नर से राजवाड़ा तक निकलने वाली गेर में नगर निगम इंदौर की भी गेर सम्मिलित होगी। गेर के माध्यम से देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा। रंगपंचमी पर्व आगरमालवा जिले में भी हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- कांग्रेस पार्टी ने आज आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की। पार्टी ने राजस्थान के भीलवाड़ा से सी पी जोशी को मैदान में उतारा है। जबकि दामोदर गुर्जर राजसमंद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।
- आगरमालवा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अपर मुख्य सचिव स्मिता भारद्वाज ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया।

---

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

प्रधानमंत्री-बिल गेटस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने आप में एक बडी आवश्यकता है और सरकार सभी गांवों तक डिजिटल सुविधाएं पहुंचा रही है। बिल गेटस के साथ बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में अपनी बडी भूमिका निभा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एकाधिकार को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी लोकतंत्रीकरण किया है। यह जनता द्वारा और जनता के लिए है। सरकार विभिन्न- समुदायों के भीतर उभरती प्रतिभाओं को अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम लोगों के बीच प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वास को बढावा देने के लिए लगातार योगदान दे रहे हैं और इसके मूल्य् को बढा रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत में महिलाएं नई तकनीक अपनाने के लिए स्वतंत्र हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना बहुत सफलतापूर्वक चल रही है। इन योजनाओं ने महिलाओं की मानसिकता को बहुत बदल दिया है। एआई के दुरुपयोग पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए श्री मोदी ने कहा कि एआई बिना उचित प्रशिक्षण के किसी को दे दी जाए तो इसके दुरुपयोग होने की संभावना है।

प्रदेश में सहायक मतदान केंद्र

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रदेश के जिन मतदान केंद्रों में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, वहां पर सहायक मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रदेश में कुल 356 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जौरा, भितरवार, चंदेरी, खुरई, सागर, राजनगर, धौहनी, मुडवारा, जबलपुर कैंट, सिहोरा, सिवनी, सौंसर, विदिशा, बासौदा, शमशाबाद, इच्छावर, सीहोर, ब्यावरा, शाजापुर, भगवानपुरा, इंदौर-3, रतलाम सिटी, जावरा और सुवासरा में एक-एक सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। ग्वालियर पूर्व, छतरपुर, सिंगरौली, गाडरवारा, देवास, खरगौन, सेंधवा, झाबुआ और नागदा-खाचरौद में दो-दो सहायक मतदान केंद्र स्थापित हैं। ग्वालियर ग्रामीण, राघौगढ़, भोपाल दक्षिण-पश्चिम, मंदसौर में तीन-तीन और गुना-छिंदवाड़ा, भोपाल मध्य, बड़वाह व इंदौर-4 में चार-चार, ग्वालियर,

ग्वालियर दक्षिण, डबरा एवं बैरसिया में पांच-पांच सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जबलपुर पूर्व में सात, नरेला व देपालपुर में आठ-आठ, उज्जैन दक्षिण व उज्जैन उत्तर में नौ-नौ, इंदौर-1 में 18, इंदौर-2 में 18, सांवेर में 19, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में 20, हुजूर में 29, इंदौर-5 में 50 और राऊ में 53 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

मतदान केंद्र लू बचाव

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने सभी जिला कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी मतदान केंद्रों में तेज गर्मी या लू से बचाव के प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल और बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सियों और बेंच की व्यवस्था भी की जाए। श्री राजन ने मतदान केंद्रों में मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए शेड लगाने के निर्देश दिए हैं। हर मतदान केंद्र में मेडिकल किट भी अवश्य रखें। इस मेडिकल किट में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर ग्रीष्मकाल में उपयोगी सभी जरूरी दवाइयां उपलब्ध करायें। सभी मतदान दलों के पास ओआरएस पैकेट और तेज गर्मी से बचाव के लिए 'क्या करें, क्या नहीं करें' का पर्चा भी होना चाहिए। साथ ही सेक्टर ऑफिसर की गाड़ी में सभी जरूरी दवाइयों के साथ—साथ समुचित संख्या में पैरा-मेडिकल स्टॉफ भी तैनात रहे।

राष्ट्रपति - भारत रत्न

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में भारत रत्न अलंकरण प्रदान करेंगी। इस वर्ष यह सम्मान पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पी वी नरसिम्हा राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और प्रख्यात वैज्ञानिक डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन को मरणोपरांत दिया जा रहा है। पूर्व उप-प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भी देश का सर्वोच्च नागरिक अलंकरण प्रदान किया जायेगा।

मौसम

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई स्थानो पर कल रात गरज चमक के साथ बारिश हुई। इससे तापमान मे गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार मुरेना और दतिया मे कहीं-कहीं ओले भी गिरे। इससे पहले कल  रतलाम, सागर टीकमगढ़ दमोह, गुना और शिवपुरी में लू का प्रभाव रहा। सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान दमोह में बयालिस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। खरगोन में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौत

हो गई। मौसम विभाग के अनुसार  आज भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं गरज -चमक के साथ बारिश होने की संभावना है।

रंगपंचमी गेर

रंग पंचमी का पर्व आज पूरे प्रदेशभर में मनाया जा रहा है। इंदौर शहर की ऐतिहासिक गौरव परंपरा के अनुसार टोरी कॉर्नर से राजवाड़ा तक निकलने वाली गेर में नगर निगम इंदौर की भी गेर सम्मिलित होगी। गेर के माध्यम से देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाएगा। रंगपंचमी पर्व आगरमालवा जिले में भी हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।